आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 18.06.2026 समय : 18.30 पीएम

- पीएम विकसित भारत रोजगार योजना का राष्ट्रीय कार्यक्रम कल नई दिल्ली में–राजस्थान सहित देशभर में 200 स्थानों पर समानांतर क्षेत्रीय कार्यक्रम होंगे।
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में साढ़े 98 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण ई–पी.ओ.एस. उपकरणों से किया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक प्राप्त करने वाले 50 खिलाड़ियों को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति की मंजूरी दी।
- आर.पी.एस.सी. ने बीते एक साल में 47 लाख से अधिक अभ्यर्थियों के लिए 187 से ज्यादा परीक्षाओं का आयोजन किया।

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के तहत कल लगभग 2 हजार 400 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण करेंगे। इस प्रोत्साहन वितरण से 15 लाख से अधिक अतिरिक्त रोजगारों को समर्थन मिलने की संभावना है। श्रम और रोजगार मंत्रालय की ओर से ये राष्ट्रीय कार्यक्रम नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित किया जाएगा। आज जयपुर में आयोजित एक प्रेसवार्ता में अपर केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त अजीत कुमार ने बताया कि देशभर में 200 स्थानों पर समानांतर क्षेत्रीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। राजस्थान में ये कार्यक्रम जयपुर सहित सात स्थानों पर होंगे।

000

केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कृषि उत्पादन बढ़ाना आवश्यक है। साथ ही खाद्यान्नों का सुरक्षित भंडारण और कुशल वितरण भी जरूरी है। श्री जोशी आज नई दिल्ली में भारतीय खाद्य निगम के स्मार्ट वेयरहाउसिंग सिस्टम के उद्‌घाटन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण ने खाद्यान्न वितरण में पारदर्शिता को मजबूत किया है। श्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में करीब साढ़े 98 प्रतिशत खाद्यान्न वितरण ई–पीओएस उपकरणों के माध्यम से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तकनीक से अपात्र राशन कार्ड धारकों की पहचान करने में मदद मिली है, वहीं एक राष्ट्र एक राशन कार्ड पहल ने देशभर में प्रवासी लाभार्थियों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है।

000

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इस वर्ष की हज यात्रा को सफलतम बताया है। श्री रिजिजू ने आज नई दिल्ली में अगले साल की हज यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि इस बार भारत को हज यात्रा के लिए सऊदी अरब के हज और उमराह मंत्रालय से दो पुरस्कार मिले हैं। उन्होंने ये भी बताया कि सरकार जल्द ही 2027 की हज यात्रा के लिए नई नीति की घोषणा करेगी।

000

केंद्र सरकार चालू वित्त वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में 26 हजार किलोमीटर से अधिक सड़कों का निर्माण करेगी। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना और संबंधित ग्रामीण संपर्क पहलों के तहत इन सड़कों के लिए 18 हजार 900 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित की गई है। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव रोहित कंसल की अगुवाई में हुई बैठक में राजस्थान सहित छह राज्यों के अधिकारियों ने भाग लिया।

000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देश में सभी तेल शोधन संयंत्रों में कच्चे तेल के पर्याप्त भंडार हैं और ये संयंत्र उच्च क्षमता पर काम कर रहे हैं। पश्चिम एशिया संघर्ष पर आज नई दिल्ली में आयोजित

अंतरमंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि पिछले तीन दिनों में एक करोड़ 47 लाख एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा चुके हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक प्राप्त करने वाले 50 खिलाड़ियों को कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्ति दिये जाने की मंजूरी दी है। इन खिलाड़ियों को माध्यमिक शिक्षा विभाग आवंटित किया जाएगा। इस निर्णय से युवाओं को खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा प्रदेश में खेलों के विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

000

प्रदेश में कृषि उपज मण्डी समितियों के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने 18 करोड़ 86 लाख रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी। इस राशि से मंडी यार्ड निर्माण, संपर्क सड़कों का विकास और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाई जाएगी। इससे सोजत, पलसाना, श्रीमाधोपुर, बीकानेर, नागौर और दूदू कृषि उपज मंडियों में विकास कार्य करवाए जाएंगे, जिससे कृषि विपणन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

000

नागौर और डीडवाना—कुचामन जिला मुख्यालय पर आज प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत कृषि विभाग की ओर से डीडवाना में हुई वर्कशॉप में पीएचईडी और जिला प्रभारी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने किसानों से कुल कृषि भूमि के कम से कम दस फीसदी हिस्से में प्राकृतिक खेती शुरू करने को कहा, जिसे भविष्य में व्यापक स्तर पर विस्तार दिया जा सके। उधर, नागौर में आयोजित कार्यशाला में किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी ने प्राकृतिक और जैविक खेती पर जोर देते हुए कहा कि इससे किसानों की आय में बढोतरी संभव है।

000

राजस्थान वानिकी और जैव विविधता विकास परियोजना की उच्चाधिकार समिति की आज जयपुर में बैठक हुई। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चालू वित्त वर्ष की कार्य योजना को मंजूरी दी गई। मुख्य सचिव ने परियोजना के तहत अधिकारियों को ग्रीन कवर बढ़ाने और  भूजल स्तर में सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पौधरोपण और चारागाह विकास कार्यों में स्थानीय तथा क्षेत्र विशेष के अनुकूल प्रजातियों को प्राथमिकता दी जाए। मुख्य सचिव ने जल संरक्षण और जल संरचनाओं के निर्माण के लिए प्रभावी प्रयास करने पर जोर दिया।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष उत्कल रंजन साहू ने आज आयोग मुख्यालय पर प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने पिछले एक साल में आयोग द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों और तकनीकी नवाचारों की जानकारी दी। श्री साहू ने कहा कि आयोग ने परीक्षा प्रणाली की शुचिता और समयबद्धता बनाये रखने के विशेष प्रयास किये हैं। उन्होंने बताया कि एक साल में 47 लाख से अधिक अभ्यर्थियों के लिए 187 से ज्यादा परीक्षाओं का आयोजन किया गया और 10 हजार अभ्यर्थियों की चयन अनुशंषा संबंधित विभागों को भेजी गई।

000

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी—एनटीए ने विद्यार्थियों को नीट यूजी 2026 परीक्षा सुरक्षित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने का आश्वासन दिया है। एजेंसी ने कहा है कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की नकल और अनुचित गतिविधि के प्रयास से सख्ती से निपटा जाएगा। एनटीए ने अपने संदेश में कहा है कि परीक्षा में केवल तीन दिन शेष हैं। उम्मीदवारों को अपनी तैयारी पर भरोसा रखते हुए परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। जरूरत पड़ने पर मानसिक स्वास्थ्य सहायता ''मानस हेल्पलाइन 1 4 4 1 6'' से मदद ली जा सकती है। एजेंसी ने अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और आम जनता को अफवाहों पर विश्वास नहीं करने तथा अपुष्ट जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी है।

000

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस काउंट डाउन के तहत प्रदेशभर में योगाभ्यास के कार्यक्रम हो रहे हैं। शिक्षण संस्थानों और पार्कों तथा खेल मैदान में बड़ी संख्या में लोग सामूहिक योगासन करते नजर आ रहे हैं। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले आज मुख्यमंत्री आवास पर योगाभ्यास कार्यक्रम

रखा गया। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आर.ए.सी. जवानों के साथ योग और प्राणायाम का अभ्यास किया। उधर, उपमुख्यमंत्री और आयुष मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने भी आज जयपुर में अपने आवासीय परिसर में परिजन तथा सहायकों के साथ योगाभ्यास किया। इस मौके पर श्री बैरवा ने लोगों से योग से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि योग को केवल एक दिन तक सीमित नहीं रखा जा सकता, इसे स्वस्थ जीवनशैली का स्थायी आधार बनाया जाना चाहिए। वहीं राजस्थान विधानसभा परिसर में कल सुबह सामूहिक योग कार्यक्रम रखा गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अगुवाई में ये कार्यक्रम होगा।

000

सिक्ख धर्म के पांचवें गुरू श्री अर्जन देव जी का शहीदी दिवस आज मनाया जा रहा है। उन्होंने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दी थी। त्याग और सेवा के प्रतीक गुरू अर्जन देव को शहीदों का सरताज भी कहा जाता है। इस मौके पर गुरू द्वारों में विशेष दीवान सजाये गये हैं और गुरबाणी तथा शबद कीर्तन के आयोजन रखे गये हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों की जलसेवा भी की जा रही है। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए अटूट लंगर भी लगया गया है।

000